बोकारो में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के 76 लॉकर्स से बहुमूल्य आभूषणों समेत करोड़ों की संपत्ति चोरी कर ली गई है। उचित दिशा-निर्देश न होने के कारण बैंकों के सेफ डिपॉज़िट लॉकर्स की सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेवारी सुनिश्चित नहीं हो सकती है और ग्राहक के जीवन भर की पूंजी मारी जाती है। यह आवश्यक है कि बैंक लॉकर्स की सुरक्षा को अभेद्य और तकनीकी तौर पर ज्यादा सक्षम बनाया जाए। साथ ही बैंक लॉकर्स में रखी गयी परिसंपत्तियों के बीमा का प्रावधान भी श्रेयस्कर प्रतीत होता है, धन्यवाद।

**श्री सुजीत कुमार** (ओडिशा)ः महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

**Demand to provide network connectivity in 69 Panchayats under Rayagada District of Odisha**

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, Digital India is a flagship programme of the Government of India with a vision to transform India into a digitally empowered society and knowledge economy. But, I would like to inform you that there is no network availability in 69 Panchayats, that is, 400 villages of 11 blocks under Rayagada District, Odisha till now. The entire State of Odisha is facing this problem. I request the Government to take suitable action in this regard. Thank you.

**श्री सुजीत कुमार** (ओडिशा)ः महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

**Demand to include tribes under the Manjhi tribe of Madhya Pradesh in the Scheduled Tribe List**

**श्री कैलाश सोनी** (मध्य प्रदेश)ः महोदय, मांझी जनजाति में समाहित/पर्याय ढीमर, कहार, धीवर, मल्लाह, केवट, कश्यप, निषाद, रायकवार(रैकवार) भोई आदि जातियां हैं। मध्य प्रदेश पुनर्गठन

अधिनियम, 2000 की अनुसूची-8 के अंतर्गत मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति की सूची में क्रमांक 29 पर मांझी जाति अधिसूचित है। गठित विशेषज्ञ समिति के प्रतिवेदन उपरांत प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त, 2018 को मांझी जाति के समक्ष इस जनजाति में समाहित जातियों को अनुसूची में सम्मिलित कर अधिसूचना जारी करने के बाबत प्रस्ताव सचिव, भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय को प्रेषित किया गया है। अतः मैं भारत सरकार से इस पर त्वरित कार्यवाही करने का आग्रह करता हूं, धन्यवाद।

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

### Need for upgradation and efficient regulation of Jawaharlal Nehru Hospital under Bhilai Steel Plant, Chhattisgarh

**सुश्री सरोज पाण्डेय** (छत्तीसगढ़): महोदय, भिलाई, छत्तीसगढ़ स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, भिलाई इस्पात संयंत्र, जो कि इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक उपक्रम है, के अधीन आता है। पूर्व में यह चिकित्सालय एक उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थान के रूप में जाना जाता था तथा पूरे प्रदेश में इसकी ख्याति थी। संयंत्र के वर्तमान और पूर्व कर्मचारी अपनी चिकित्सा के लिए इसी पर निर्भर थे। यहां सभी बीमारियों का इलाज आधुनिकतम पद्धति से और वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सफलतापूर्वक किया जाता था। यह अत्यंत खेद की बात है कि विगत कुछ वर्षों से इसकी सुविधाओं में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। अब यहां कई गंभीर बीमारियों, जैसे कि हृदय रोग आदि के न तो अच्छे उपकरण मौजूद हैं, न ही हृदय रोग विशेषज्ञ। ऐसा ही कई अन्य बीमारियों के लिए भी है। सबसे अधिक पीड़ादायक बात यह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने पर अन्य शहरों में प्राइवेट संस्थानों में जाना पड़ता है, जो न सिर्फ उनके लिए आर्थिक रूप से भारी पड़ता है, बल्कि अनावश्यक यात्रा का कष्ट भी उन्हें झेलना पड़ता है। मैं भारत सरकार से इस मामले में उचित दिशा-निर्देश देने की मांग करती हूं, धन्यवाद।

**श्रीमती छाया वर्मा** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं माननीय सदस्या द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करती हूं।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.